तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 3 मार्च 2025

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज


फलों का राजा आम बाजार में... 2



## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय मिक्स नेटबॉल में शबनम नाज का चयन



**अंबिकापुर।** सरगुजा की नेटबॉल खिलाड़ी शबनम नाज का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। शबनम नाज हरियाणा में आयोजित राष्ट्रीय मिक्स नेटबॉल प्रतियोगिता में खेलेंगी। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि हरियाणा के भिवानी में राष्ट्रीय मिक्स नेटबॉल चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ मिक्स नेटबॉल टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए शबनम नाज आ. नेजाम खान हरियाणा में खेलेंगी। शबनम नाज विगत तीन वर्षों से नेटबॉल खेल रही है। शबनम शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंबिकापुर की तीन वर्षों से नेटबाल खेल का प्रतिनिधित्व कर रही है साथ ही राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का भी प्रतिनिधित्व करते आ रही है। शबनम नाज को संस्था के प्राचार्य व जिला नेटबाल संघ के पदाधिकारियों के साथ सभी खिलाड़ियों ने बधाई दी।

### चोरी की बाइक से घूम रहा था युवक, पुलिस ने पकड़ा



**अंबिकापुर।** बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार करने के साथ ही चोरी की दो बाइक बरामद की है। आरोपी युवक चोरी की बाइक लेकर घूम रहा था। गांधीनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अनिल शर्मा किराए के मकान में रहता है। 2 जनवरी की शाम वह काम से वापस लौटने के बाद अपने किराए के रूम के बाहर अपनी बाइक क्रमांक सीजी 15 सीसी 2084 को खड़ा कर दिया और खाना खाने के बाद सो गया था। अगली सुबह जब युवक बाहर निकला तो उसकी बाइक गायब थी। आस पास खोजबीन के बाद युवक ने घटना की शिकायत पुलिस से की थी जिसके बाद पुलिस मामले की जांच कर रही थी। इस दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि नमनाकला पानी टंकी निवासी गौरव श्रीवास्तव चोरी की बाइक से घूम रहा है। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना नाम नमनाकला न्विअसी 23 वर्षीय गौरव श्रीवास्तव आ. संतोष श्रीवास्तव बताया। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने सुभाषनगर से बाइक चोरी करने की बात स्वीकार की। इसके साथ ही आरोपी ने शहर के बस स्टैंड से भी बाइक क्रमांक सीजी 15 सीएक्स 4845 चोरी करने और छिपाकर रखने की बात कही। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर दो बाइक बरामद करने के साथ ही बीएनएस की धारा 303(2) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कारवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर मोरध्वज देशमुख, प्रधान आरक्षक रुस्तम सिंह, आरक्षक बृजेश राय, अजय मिश्रा, घनश्याम देवांगन, सैनिक अनिल साहू सक्रिय रहे।

### लाइवलीहुड कॉलेज के हॉस्टल चोरों का धावा

**सूरजपुर।** पर्री स्थित लाइवलीहुड कॉलेज के हॉस्टल का ताला तोड़ चोरों ने लगभग 30 हजार कीमत के गद्दा, कुर्सी व बल्ब पार कर दिया। लेखापाल की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज पर्री पतरापार में लेखापाल के पद पर पदस्थ अंजली जायसवाल ने सूरजपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 28 फरवरी की सुबह जब ऑफिस गई तो भृत्य कल्याण सिंह एवं निरज कुमार ने बताया कि हॉस्टल का ताला टूटा हुआ है और 50 सीटर छात्रावास के कमरे में रखे 18 गद्दा, 35 कुर्सी और 20 बल्ब सहित लगभग 30 हजार कीमत के अन्य सामान गायब है। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध धारा 331(4),305(ई) के तहत अपराध दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### समारोह में शामिल हुए सीएम विष्णुदेव साय और विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह

# नव निर्वाचित महापौर मंजूषा और भाजपा के 32 पार्षदों ने ली शपथ









मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की उपस्थिति में शपथ ग्रहण करती महापौर मंजूषा भगत एव नवनिर्वाचित पार्षद।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नगर निगम की नव निर्वाचित महापौर मंजूषा भगत और पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह रविवार को सम्पन्न हुआ। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की मौजूदगी में नव निर्वाचित मेयर व पार्षदों ने शपथ ली। शंखनाद के साथ ही स्वस्तिवाचन, गणपति स्तुति के बाद महापौर मंजूषा भगत ने पद व गोपनीयता शपथ ली। हालांकि शपथ ग्रहण के इस समारोह का कांग्रेस ने बहिष्कार किया, गंगाजल से शुद्धिकरण व पहली हिन्दू महापौर के रूप में खुद को पेश करने के बयान के विरोध में विपक्षी पार्षद शपथ ग्रहण में शामिल नहीं हुए। इस घटना के बाद नवनिर्वाचित मेयर को भी बैकफुट पर आना पडा। शपथ ग्रहण समारोह के बाद महापौर मंजूषा भगत ने निगम पहुंचकर कार्यभार ग्रहण किया।

**खास बात**

- कांग्रेस ने विवाद के कारण किया कार्यक्रम का बहिष्कार, पहली बार विपक्ष नहीं हुआ शामिल

बता दें कि नगर निगम की नई सरकार के शपथ ग्रहण का समारोह शहर के पीजी कॉलेज मैदान के हॉकी स्टेडियम परिसर में किया गया था। नगर निगम चुनाव में कांग्रेस का सूपड़ा साफ होने के बाद भारी मतों से जीतकर आई नगर निगम की पहली महापौर मंजूषा भगत और पार्षदों के शपथ ग्रहण को लेकर जिला प्रशासन और नगर निगम द्वारा व्यापक पैमाने पर तैयारियां की गई थी। शपथ ग्रहण के समारोह में शामिल होने के लिए खुद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सहमति दी थी ऐसे में शपथ ग्रहण को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में भी खासा उत्साह था। रविवार को हॉकी स्टेडियम में नवनिर्वाचित महापौर एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर सरगुजा ने नवनिर्वाचित महापौर श्रीमती मंजूषा भगत एवं पार्षदों को 8-8 के समूह में शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह एवं कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने नव निर्वाचित महापौर श्रीमती मंजूषा भगत एवं पार्षदों को बधाई देकर नगर विकास के लिए शुभकामनाएं दी। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज, अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंहदेव, वरिष्ठ नेता अनिल सिंह मेजर, राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर, पूर्व जिला अध्यक्ष ललन सिंह, अभय साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**भाजपा के इन पार्षदों ने ली शपथ-** नगर निगम की नई सरकार में महापौर श्रीमती मंजूषा भगत के साथ ही भाजपा के 31 निर्वाचित पार्षदों व एक निर्दलीय भाजपा समर्थित पार्षद ने भी शपथ ली है जबकि कांग्रेस के 15 व 1 निर्दलीय 16 पार्षदों ने कार्यक्रम का बहिष्कार किया। नगर निगम में भाजपा के कमलेश तिवारी, सुशांत घोष, निरंजन राय, विनय प्रभा तिग्गा, डॉ. शिवमंगल सिंह, आलोक दुबे, विपिन कुमार पांडेय, रविकांत उरांव, मनोज गुप्ता, श्रीमती किरण दीपक सिंह तोमर, श्रीमती अनिता रविन्द्र गुप्त भारती, मनीष सिंह, श्रीमती सुमन मनोज कंसारी, हरमिन्दर सिंह टिन्नी, श्रीमती विमला सोनी, श्रीमती श्वेता गुप्ता, जितेंद्र सोनी, विजय सोनी, श्रीमती पूनम विद्यानंद मिश्रा, विशाल गोस्वामी (दूधनाथ), दीपक यादव (रिंकू), विकास पाण्डेय, शशि कान्त जायसवाल, प्रत्याशी श्रीमती शुभ्रा सोनी, राहुल त्रिपाठी सन्नी, श्रीमती सुषमा रोचक गुप्ता, श्रीमती प्रियंका गुप्ता, श्रीमती ममता तिवारी, श्रीमती किरण साहू, अशोक सोनवानी, सालिम केरकेट्टा के साथ ही निर्दलीय पार्षद शैलेश सिंह ने शपथ ग्रहण किया है।



उपस्थित जनसमूह का अभिवादन करते मुख्यमंत्री, विस अध्यक्ष एवं अन्य।

## गंगाजी को विवादित करना सर्वथा अनुचित : सीएम

शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने पहुंचे सीएम श्री साय ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान नगर निगम के शुद्धिकरण को लेकर मंजूषा भगत द्वारा दिए बयान के बाद मचे बवाल को लेकर कहा कि गंगा जल को लेकर विवाद की स्थिति नहीं बननी चाहिए। सभी को मालूम है नए कार्य का शुभारम्भ, नया गृह प्रवेश करते है तो परम्परा के अनुसार पूजा पाठ की जाती है। इष्ट देव की प्रतिमा स्थापित की जाती है। ये हिन्दुओं में है कि शुभ कार्य से पहले गंगाजल से अभिमंत्रित कर वातावरण की शुद्धि करते है इसलिए गंगा जी को विवादित करना सर्वथा अनुचित है। कांग्रेस के 5 साल बजट नहीं देने और भाजपा में अच्छे बजट की उम्मीद पर कहा कि अब कांग्रेस कहां पर है सभी को मालूम है। बड़े जनादेश के रूप में जनता का विश्वास मिला था पांच साल तक अवसर दिया गया जिसे गंवा दिया और उम्मीदों पर खरा नहीं उतरे इस लिए अपनी जगह पहुंच गए है।

### विश्वास पर उतरेंगे खरा

श्री साय ने कहा कि नगर निगम अंबिकापुर की सरकार का शपथ ग्रहण समारोह भव्यता के साथ संपन्न हुआ जिसमें हम सभी लोग साक्षी बने। इस अवसर पर सबसे पहले महापौर मंजूषा भगत और भी सभी निर्वाचित पार्षदों को बधाई है। भाजपा को जनता का बहुत बड़ा विश्वास मिला है। सीएम के नाते कह सकता हूँ की हमारे मेयर और पार्षद जनता के विश्वास पर खरा उतरेंगे। जो भी विकास की आवश्यकता होगी उसे सरकार पूरा कराएगी। निकाय के विकास हेतु जो अटल विश्वास पत्र लाया गया है उसका भी शत प्रतिशत क्रियान्वयन होगा।हमारी सरकार और पार्टी जो कहती है वो करती है।

### कांग्रेस ने बनाई दूरी-आज अलग से लेंगे शपथ

नगर निगम सरकार के इस शपथ ग्रहण समारोह से कांग्रेस ने दूरी बना ली। नव निर्वाचित महापौर श्रीमती मंजूषा भगत द्वारा दिए गए विवादित बयान के बाद कांग्रेस ने भी भाजपा और मजुषा भगत के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। निगम इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि शहर सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में विपक्ष शामिल ना हुआ हो। पहले के दस साल भाजपा या फिर पिछले दस साल के कांग्रेस के शासन काल के दौरान शपथ ग्रहण में विपक्ष शामिल होता था। इस बार बयान के बाद मचे बवाल के कारण कांग्रेस ने चेतावनी दी थी कि मंजूषा भगत अपने बयान को लेकर माफ़ी मांगे अन्यथा कांग्रेस शपथ ग्रहण समारोह का बहिष्कार करेगी और विपक्ष का कोई भी पार्षद शपथ ग्रहण में शामिल नहीं होगा। समारोह के दौरान हुआ भी यही। शपथ ग्रहण में विपक्ष का कोई भी पार्षद नहीं पहुंचा। अब कांग्रेस के सभी नव निर्वाचित पार्षद सोमवार को कलेक्टर कार्यालय में जाकर अपने पद व गोपनीयता की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह के लिए कांग्रेस को संभवत 1 बजे का समय दिया गया है।

# ना गंगाजल का छिड़काव ना बदली कुर्सी नव निर्वाचित महापौर ने संभाला पदभार

नव निर्वाचित महापौर मंजूषा भगत अपने बयान के बाद खुद ही पीछे हटना पड़ा। मंजूषा भगत ने बिना किसी शोर शराबे और ताम झाम के शपथ ग्रहण समारोह के बाद निगम कार्यालय पहुंचकर अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। इस दौरान उन्होंने ना ही किसी प्रकार के गंगाजल का उपयोग नगर निगम में किया गया और ना की कोई कुर्सी बदली गई। सामान्य पूजा पाठ के बाद उन्होंने पदभार ग्रहण किया।

- पिता व पार्षदों के साथ पहुंची मंजूषा भगत, कहा सभी 48 वार्डों के लिए सामान रूप से करूंगी काम

बता दें कि पिछले दिनों नगर निगम की नव निर्वाचित महापौर मंजूषा भगत ने एक बयान देकर शहर की सियासत को गर्म कर दिया था। अपने शपथ ग्रहण से पहले ही मंजूषा भगत ने कहा कि मीडिया में यह बयान दिया है कि नगर निगम के विगत 10 वर्ष के कार्यकाल में निगम में अशुद्धियां फैल गई है। इन अशुद्धियों को दूर करने के लिये वे कुंभ से लाए गए गंगा जल का छिड़काव निगम में करेंगी। उन्होंने यह भी कहा था कि वे निगम की पहली हिंदू महापौर हैं। उन्होंने निगम आयुक्त को यह निर्देश दिया है कि पूर्व में महापौर द्वारा उपयोग किए जा रहे कुर्सी, टेबल को हटाकर नए कुर्सी टेबल लगाए जाएं। मंजूषा भगत इस बयान को लेकर कांग्रेस ने अपनी आपत्ति दर्ज कराते हुए मांग की थी कि मंजूषा भगत अपने बयान को लेकर माफ़ी मांगे। वहीं कांग्रेस ने शनिवार को ही शहर में रैली निकालकर मंजूषा भगत के बयान को लेकर प्रदर्शन करते हुए रैली निकाली व कोतवाली थाना में आवेदन देकर एफआईआर की मांग की थी। पूरा विपक्ष शपथ ग्रहण समारोह से दूर रहा तो वहीं मंजूषा भगत भी महापौर पद की शपथ लेने के बाद सीधे नगर निगम पहुंची। भाजपा पार्षदों और समर्थकों के साथ निगम पहुंची मंजूषा भगत ने अपना कार्यभार संभाला। इस दौरान उन्होंने अपने बगल में अपने पिता को भी बिठाया। खास बात यह रही कि पिछले तीन चार दिनों से जिस बयान को लेकर शहर की सियासत गर्म थी वो कार्यक्रम हुआ ही नहीं। नगर निगम में ना ही गंगा जल का छिडकाव किया गया और ना ही निगम महापौर की कुर्सी बदली गई। पुरानी कुर्सी पर ही बैठकर उन्होंने कार्यभार संभाला। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनका महा माला से स्वागत किया।



पिता व समर्थकों के साथ ननि कार्यालय में महापौर।

### शहर को बनाएंगे स्मार्ट सिटी : मंजूषा

पदभार ग्रहण करने के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए नव निर्वाचित महापौर मंजूषा भगत ने कहा कि खुशी का क्षण है कि सीएम और विस अध्यक्ष की उपस्थिति में शपथ ग्रहण के बाद पदभार ग्रहण किया है। गंगाजल छिड़काव को लेकर कहा कि शुभ कार्य से पहले सभी समाज में पूजा पाठ की जाती है। मै भी सनातनी हिन्दू धर्म की महापौर हूं इसलिए विधि विधान से पूजा अर्चना करने के बाद शुभ काम किया है। सोमवार से ही अपने रूटीन कार्य में जुट जाऊंगी। शहर में अनेकों कार्य करने है, रोड लाइट की समस्या, जल संकट सहित शहर के सडकों के निर्माण कार्य कराए जाने है। निगम की पूर्व सरकार ने सड़कों की दुर्दशा कर कर दी है दस साल से सड़कों पर बने गड्ढों को दुरुस्त करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता पानी की समस्या दूर करना और रोड लाईट को दुरुस्त कराना है। शेष 31 बिन्दुओं की जो घोषणाएं है उनपर काम होंगे। अधिकारियों की बैठक लेकर शहर की स्थिति को सुधारने का निर्देश दिया जाएगा। कांग्रेस पार्षदों के शामिल नहीं होने पर कहा कि जो पार्षद नहीं आए उन वार्डों में भी जनता ने महापौर को मतदान किया है इसलिए बिना किसी भेदभाव के 48 वार्ड में काम करेंगे। केंद्र और राज्य में हमारी सरकार है इस लिए नगर निगम अंबिकापुर को स्मार्ट सिटी के रूप में देखा जाएगा। खराब सिस्टम को दुरुस्त कर शहर को नम्बर 1 बनाया जाएगा क्यों यहां पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम विष्णुदेव साय की सरकार है।

# धान खरीदी में गड़बड़ी, केंद्र प्रभारियों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

31 जनवरी को धान खरीदी का कार्य संपन्न होने के बाद अब शासन स्तर पर खरीदी केंद्र प्रभारियों द्वारा की गई गड़बड़ियों की अब जांच शुरू की गई है।उप आयुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं जिला सूरजपुर एनएल टंडन ने बताया कि पिछले दिनों विधानसभा में छ.ग शासन भंडार क्रय नियम का पालन न कर तारपोलिन/प्लास्टिक कवर और इलेक्ट्रॉनिक कांटा बाट अवैध रूप से समिति प्रबन्धकों द्वारा नियम विरुद्ध तरीके से खरीदी किए जाने मामले में 28 समिति प्रबन्धकों पर कार्यवाही की गई है।

- 10 समिति प्रबन्धक हुए निलम्बित, 18 को सेवा से बर्खास्तगी का जारी हुआ नोटिस

इनमें मनमानी तरीके से तारपोलिन खरीदी मामले में जिले के 10 समिति प्रबन्धकों को निलंबित किया गया है जबकि प्लेटफार्म टाईप इलेक्ट्रॉनिक, तौल मशीन खरीदी मामले में शामिल 18 समिति प्रबन्धकों को सेवा से बर्खास्तगी करने के लिए कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है।

बताया गया कि खरीफ वर्ष में धान खरीदी कार्य हेतु इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन, तारपोलिन, नमी मापक यन्त्र आदि की खरी भंडार खरीदी नियम पालन किए बगैर सम्बन्धित प्रबन्धकों द्वारा किया गया था।विधानसभा सत्र में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत द्वारा मामले को सदन में उठाने के बाद शासन स्तर पर जांच उपरान्त कार्यवाही की गई है।

डीआर के ऑफिस कार्य से रायपुर प्रवास के होने से गड़बड़ी में शामिल 28 प्रबन्धकों की सूची जिन पर निलम्बन व सेवा से बर्खास्तगी की नोटिस दिए जाने की कार्यवाही हुई है उनकी सूची अब तक उपलब्ध नहीं हो पाई है।



# राजस्व टीम पर हमला करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

सीमांकन कार्य के दौरान राजस्व टीम पर हमला और बाइक चढाने का प्रयास करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। एसडीएम द्वारा की गई शिकायत के बाद जांच उपरान्त पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

- एसडीएम की शिकायत के बाद हुई कार्रवाई

इसके साथ ही मामले की विवेचना जारी है। बता दें कि 28 फरवरी को राजस्व की टीम न्यायालय तहसीलदार के 20 फरवरी के आदेश के परिपालन में वार्ड क्रमांक 3 में शराब भट्ठी के पास खसरा नम्बर 3/1, 3/2, 3/3, 3/50 भूमि का सीमांकन कार्य कराने गई थी। भूमि के नाप जोख करने के दौरान राजपुर निवासी गोवर्धन पैकरा एवं सोबरन पैकरा द्वारा शराब भट्ठी वाले सीसी सड़क पर अपनी मोटरसाइकिल से तेज रफ्तार से चलाते हुए राजपुर महुआपारा निवासी प्रवीण अग्रवाल एवं सीमांकन के लिए उपस्थित राजस्व कर्मचारियों के ऊपर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया। इस घटना में राजस्व निरीक्षक के उंगली में चोटें आई थी और अन्य कर्मचारियों ने भाग कर अपनी जान बचाई थी।घटना के बाद राजस्व दल के कर्मचारियों द्वारा घटना की लिखित शिकायत करते हुए एसडीएम से मामले में कार्रवाई की मांग की थी। मामले में एसडीएम राजस्व राजपुर राजीव जेम्स कुजुर ने संज्ञान लेते हुए 1 मार्च को राजपुर थाना में कार्रवाई हेतु शिकायत प्रतिवेदन दिया था। एसडीएम की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपियों गोवर्धन पैकरा एवं सोबरन पैकरा के विरुद्ध धारा 221, 132, 121(1), 3(5) में तहत मामला पंजीबद्ध करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### प्रबन्धन ने कहा-पहले से बिगड़ी हुई थी स्थिति

# एम्बुलेंस नहीं मिलने के कारण मरीज की मौत, परिजन ने लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गंभीर रूप से बीमार ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत हो गई। मरीज की हालत गंभीर होने के कारण अस्पताल प्रबंधन द्वारा मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया था लेकिन समय पर एंबुलेंस की सुविधा नहीं मिलने के कारण मरीज की जान नहीं बच पाई। परिजन ने एंबुलेंस नहीं मिलने से ग्रामीण की मौत का आरोप लगाया है जबकि प्रबंधन का कहना है कि मृतक के परिजन लम्बे समय से उसका उपचार झोलाछाप से करवा रहे थे।



प्राप्त जानकारी अनुसार खालपारा रजौटी निवासी 47 वर्षीय निर्मल एक्का आ. हरिल एक्का को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीतापुर में भर्ती कराया गया था। मरीज को सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। ऐसे में उपचार के बाद चिकित्सक द्वारा निर्मल एक्का को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया था लेकिन मेडिकल कॉलेज जाने से पहले ही बीती रात मरीज की मौत हो गई। मृतक के परिजन का कहना है कि हालत में सुधार नहीं होने पर मरीज को अंबिकापुर रिफर किया गया था। मरीज को रिफर किए जाने के बाद परिजन लगातार एम्बुलेंस सेवा के लिए 108 से सम्पर्क कर रहे थे लेकिन उन्हें एम्बुलेंस की सुविधा नहीं मिल पाई और मरीज ने उपचार नहीं मिल पाने के कारण दम तोड़ दिया। परिजन का कहना है कि अगर समय रहते एम्बुलेस सुविधा मिल गई होती तो शायद मरीज की जान बचाई जा सकती थी। इस घटना के बाद परिजन का रो रोकर बुरा हाल है। इधर इस मामले में अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि मरीज की हालत पहले से बिगड़ी हुई थी। परिजन उसका उपचार गांव में झोला छाप से करवा रहे थे। इस संबंध में मरीज का उपचार करने वाले डॉ. रोशन निकुंज ने बताया कि मरीज की हालत पहले से खराब थी।

घरवालों ने गांव के झोलाछाप डॉक्टरों से इलाज कराया था पर कोई लाभ नहीं मिला। रात को स्थिति ज्यादा खराब हो गई तब परिजन मरीज को लेकर हॉस्पिटल पहुँचे। उसकी हालत देख उसे बेहतर उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था।

2-Ambikapur-bhoomi-pg-2_Layout 1 3/2/2025 8:51 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### विज्ञान दिवस पर लगी चलित मॉडल की प्रदर्शनी

**कोरबा।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय साडा कोरबा में विज्ञान दिवस मनाया गया, जिसमें विद्यालय की छात्राओं ने विज्ञान के चलित मॉडल की प्रदर्शनी लगाई। छात्राओं द्वारा विद्युत घंटी, वर्षा अलर्ट यंत्र, सूर्य ग्रहण ,चंद्र ग्रहण, विद्युत के सुचालक- कुचालक ,रेत घड़ी, पारंपरिक वाटर फिल्टर, सौरमंडल का चलित मॉडल आदि विज्ञान से संबंधित विभिन्न प्रयोगों को यंत्रों के माध्यम से दर्शाया गया। प्रदर्शनी में विद्यालय के प्राचार्य रणधीर सिंह,व्याख्याता गण, मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक बी एल देवांगन एवं मिडिल स्कूल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे छात्राओं द्वारा किए गए। इस प्रयास की सभी ने सराहना की। विद्यालय में ऐसे आयोजनों का उद्देश्य छात्राओं को तर्कशील बनाना, विज्ञान के लाभों से अवगत कराना, यांत्रिकी के प्रयोग से दैनिक कार्यो को आसान बनाना एवं छात्राओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण पैदा करना है।

### सड़क पर बिखरे राखड़ से वार्डवासी हो रहे परेशान

**कोरबा।** दर्री थाना क्षेत्र वार्ड नंबर 48 कलमीडुग्गू जो की सीएसईबी विद्युत संयंत्र के पास स्थित है। जहां सड़क किनारे राखड़ की गाड़ी जब जाती है उस समय राखड़ गिरता है जिसमें वार्ड के लोगों को काफी दिक्कत एवं परेशानी हो रही है। सड़क में पानी का छिड़काव भी नहीं किया जा रहा है। सीएसईबी पश्चिम पावर प्लांट प्लांट से अलग से रखड़ उड़ने लगती है, जिसमें गर्मी में भी राखड़ की समस्या से वार्ड के लोगों काफी परेशान हैं। स्थानीय निवासी हर हरनारायण श्रीवास के अनुसार यह समस्या पिछले कई महीनों से बनी हुई है। हाइवा के मध्यम से हो रहे रखड़ के कारण ना तो लोग कपड़े सुखा पाते हैं और ना ही घर के बाहर बैठ पा रहे हैं। स्वास्थ्य संबंधी समस्या भी बढ़ रही है सुबह-सुबह 8 बजे बच्चे जब स्कूल जाते हैं, वक्त समस्या से लोग जूझ रहे हैं। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि क्षेत्र में स्कूली बच्चे भी इस समस्या से जूझ रहे हैं। पानी के छिड़काव बोलने के बावजूद भी छिड़काव नहीं किया जाता है।

### जल जीवन मिशन की टंकिया बन रहीं लेकिन पानी का स्रोत नहीं

**कोरबा।** गांव के घर घर तक पीने का पानी पहुंचाने वाली जल जीवन मिशन की टंकियों को जलस्रोत का संकट बना हुआ है। टंकियो के निर्माण और पाइप लाइन बिछने के बाद भी लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। ऐसी स्थिति जिला मुख्यालय के दूरस्थ ग्रामीण अंचलों के साथ शहर से लगे ग्रामों में भी बनी हुई है। कहीं पानी टंकियों में नहीं भर पा रहा है तो कहीं जलस्रोत जवाब दे गए हैं। जल जीवन मिशन के अंतर्गत बीते 3 वर्ष से ओवरहेड टैंक निर्माण के साथ गांव गांव पाइप लाइन बिछाने और घर घर नल कनेक्शन देने का काम पूर्णता की ओर है । और वर्ष 2025 के अंत तक सभी 524 टंकियों का निर्माण पूर्ण हो जाएगा। लगभग 300 टंकियां बन चुकी हैं। 224 टंकियों में 100 निर्माणाधीन हैं तो 124 का निर्माण काम शुरु हो चुका है। पीएचई विभाग के द्वारा ठेकेदारों के माध्यम से कराए गए कार्यो की स्थिति यह है कि टंकियों के निर्माण के पूर्व जलस्रोत का परीक्षण किया गया जिनमें स्थिति यह रही कि एक जलस्रोत से टंकियों के नहीं भरने के कारण 2 से 3 जलस्रोत खोजने का काम शुरु किया गया तब कहीं जाकर 1 से डेढ़ इंच ही पानी मिला और उसमें भी टंकियां नहीं भर पा रही हैं। विभाग की मानें तो अकेले कोरबा और करतला ब्लाक में 163 ओवरहेड टैंक का निर्माण किया गया है जिनमें कोरबा ब्लाक में 73 और करतला ब्लाक में 90 टंकी शामिल हैं। विभाग की मानें तो कोरबा ब्लाक में जलस्रोत का संकट है। फिर भी नए जलस्रोत की खुदाई कर टंकियों को भरने का प्रयास किया जा रहा है।
विभाग के कोरबा एसडीओ श्री चतुर्वेदानी का कहना है कि कोरबा ब्लाक में जलस्रोत का संकट है इसकी अपेक्षा करतला ब्लाक में जलस्रोत कुछ ठीक है। जिला मुख्यालय से नजदीक रजगामार ग्राम पंचायत बेला, ग्राम पंचायत दोंदरो जहां टंकियों के निर्माण के साथ पूरा प्रोजेक्ट बनकर तैयार है ।

---

लूट-उठाईगिरी मामलों पर नकेल कसने पुलिस का मॉक ड्रिल

# कोरिया में एक साथ 15 जगहों पर पुलिसिया जांच से मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

रविवार को कोरिया जिले में एक साथ 15 जगहों पर पुलिसिया जांच कार्रवाई ने चहुंओर हड़कंप मचा दिया। तबाड़तोड़ जांच कार्रवाई से लोगों के बीच कई तरह के सवाल-जबाव होने लगे, इसी बीच कोरिया पुलिस की ओर से पता चला कि यह एक मॉकड्रिल अभियान रहा, तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली।

कोरिया जिले में लूट या छिनाझपटी की घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने और अपराधियों की धरपकड़ को लेकर कोरिया पुलिस ने 2 मार्च को एक विशेष मॉक ड्रिल का आयोजन किया। इस अभ्यास के तहत जिला और शहर की सीमा में कुल 15 स्थानों पर नाकेबंदी की गई, जहां पुलिस बल ने मुस्तैदी से तैनात होकर संभावित अपराधियों को पकड़ने का अभ्यास किया। मॉक ड्रिल के दौरान कुछ पुलिसकर्मियों को लुटेरों की भूमिका दी गई, जो घटना को अंजाम देकर भागने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस टीमों ने तेजी से रेडियो संचार के माध्यम से अलर्ट जारी किया और पहले से तय नाकेबंदी पॉइंट्स पर उन्हें रोक लिया। जिले के चरचा थाना क्षेत्र में नगर नाकेबंदी पॉइंट पर भाग रहे संदिग्धों को पकड़ने में सफलता मिली, जिससे पुलिस की रणनीति की प्रभावशील नजर आई।


पुलिस का जारी मॉक ड्रिल।

**लोगों ने ली राहत की सांस:** हर में लूट की कोई घटना नहीं हुई है, बल्कि यह पुलिस द्वारा किया गया एक मॉकड्रिल (पूर्वाभ्यास) था। इसके बाद शहर के लोगों ने राहत की सांस ली। उल्लेखनीय है कि पुलिस प्रशासन समय-समय पर सुरक्षा तैयारियों को परखने और आपात स्थितियों से निपटने की रणनीति को मजबूत करने के लिए ऐसे अभ्यास करता है। पुलिस अफसरों ने जानकारी दी कि इस अभ्यास का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि लूट, डकैती या किसी अन्य आपराधिक घटना की स्थिति में पुलिस कितनी तेजी से और प्रभावी रूप से कार्रवाई कर सकती है।

### पुलिसिंग को और मजबूत करने की पहल

एसपी रवि कुर्रे का कहना है कि इस अभ्यास का उद्देश्य पुलिस बल की सतर्कता और कार्रवाई की तीव्रता को बढ़ाना था। कोरिया पुलिस का मानना है कि ऐसी मॉक ड्रिल्स नियमित रूप से आयोजित करने से अपराध नियंत्रण में सहायता मिलेगी और पुलिस बल को वास्तविक परिस्थितियों से निपटने का बेहतर अनुभव मिलेगा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह मॉक ड्रिल शहर में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने और जनता को सुरक्षित माहौल देने की दिशा में एक अहम कदम है। भविष्य में भी इस तरह के अभ्यास होते रहेंगे, ताकि किसी भी आपराधिक घटना के दौरान पुलिस की कार्रवाई तुरंत और प्रभावी हो सके।

---

दो आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

# अतिक्रमण हटाने गई राजस्व टीम से बदसलूकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला प्रशासन के निर्देशानुसार खड़गवां विकासखंड़ मुख्यालय में महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय के मार्ग को अतिक्रमण से मुक्त कराने गई राजस्व विभाग की टीम के साथ बदसलूकी का मामला सामने आया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 मार्च को राजस्व विभाग को सूचना मिली थी कि मुख्य मार्ग को पूरी तरह बाधित करते हुए वहां पक्के निर्माण की प्रक्रिया जारी है। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए राजस्व विभाग की टीम ने पटवारी एवं कोटवार की सहायता से निर्माणाधीन अतिक्रमण को हटाया। इसी दौरान अतिक्रमणकारी मनोज कुमार पिता रामनरेश साहू (निवासी ग्राम खड़गवां) ने अपने दो सहयोगियों रामलाल पिता स्व. हरप्रसाद (निवासी ग्राम खड़गवां) एवं बसंत पिता बेचू (निवासी ग्राम सैंदा) के साथ मिलकर राजस्व विभाग की टीम से गाली-गलौज की और लोगों को उकसाकर टीम को डंडे से भगाने का प्रयास किया। इस घटना से मौके पर शांति व्यवस्था भंग हो गई। घटना की सूचना मिलते ही तहसीलदार खड़गवां एवं थाना प्रभारी खड़गवां ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों मनोज कुमार एवं रामलाल को गिरफ्तार कर देर रात जेल भेज दिया।

- **अतिक्रमण हटाने की यह मुहिम आगे भी जारी रहेगी**

वहीं तीसरा आरोपी बसंत पिता बेचू फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासकीय कार्य में बाधा डालने या किसी भी तरह से शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अतिक्रमण हटाने की यह मुहिम आगे भी जारी रहेगी और अवैध कब्जों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

---

# गांधी ग्राउंड के पास पेड़ में लटका मिला महिला का शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ चिरमिरी

बीते शनिवार को छोटा बाजार के गांधी ग्राउंड के पास पेड़ से लटके मिले अज्ञात शव की पहचान चिरमिरी पुलिस ने कर ली है। यह शव छोटा बाजार निवासी रानी नामक महिला का था, बीते दिनों से लापता थी। शव की स्थिति और घटनास्थल को देखते हुए पुलिस मामले को संदिग्ध मान रही है।

- **चिरमिरी पुलिस जुटी जांच में**

चिरमिरी सीएसपी दीपिका मिंज ने बताया कि शनिवार की दोपहर करीब 3:30 बजे पुलिस को सूचना मिली कि गांधी ग्राउंड के पीछे एक महिला का शव पेड़ से लटका हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि शव कई दिनों पुराना है। पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया, जिसके बाद कपड़ों के आधार पर परिजन ने उसकी पहचान रानी चौहान के रूप में की। परिजन के अनुसार वह बीते 5 दिसंबर को लापता हो गई थी, और उसी दिन उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट चिरमिरी थाने में दर्ज कराई गई थी।

अब सवाल यह है कि यह हत्या है या आत्महत्या। पुलिस का कहना है कि इस पर कोई निष्कर्ष पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही निकाला जाएगा।

### पुलिस ने बढ़ाई सतर्कता

चिरमिरी पुलिस अब इस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। यदि यह हत्या का मामला निकलता है, तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। इस घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है और लोग मामले के खुलासे का इंतजार कर रहे हैं।

---

## फलों का राजा आम बाजार में...


**बैकुण्ठपुर।** फलो का राजा आम बाजार में पहुंच गया है, लेकिन ऊंची कीमत के चलते आम लोगों की पहुंच से दूर हैं। आने वाले समय में आवक बढ़ेगी।

---

# विजय इंग्लिश मीडियम के विद्यार्थियों ने बढ़ाया नगर का गौरव



**मनेन्द्रगढ़।** नगर के विद्यालय विजय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने राष्टीय विज्ञान दिवस पर स्वामी आत्मानंद विद्यालय चिरमिरी में आयोजित प्रतियोगिता में अपना उत्कृष्ठ प्रदर्शन देकर प्रतियोगिता के सभी फार्मेट में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय व नगर का गौरव बढ़ाया।

राष्टीय विज्ञान दिवस के अवसर पर स्वामी आत्मानंद विद्यालय चिरमिरी में विज्ञान पर आधारित पोस्टर एक्सप्लेनेशन, प्रश्नोत्तरी व मॉडल प्रदर्शन की प्रतियोगिता आयोजित किया गया। इसमें नगर के विजय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता आयोजन से पहले स्वामी आत्मानंद विद्यालय चिरमिरी के प्राचार्य डीके उपाध्याय व उपस्थित विशेषज्ञ, शिक्षकों के द्वारा विद्यार्थियों को विज्ञान के महत्व व उनकी उपलब्धियों के बारे में बताया गया, इसके साथ-साथ विज्ञान का आधुनिक युग में होने वाले उपयोग की जानकारी भी प्रदान किया गया। इसके पश्चात विज्ञान पर आधारित प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में जिला एमसीबी के अधिकतम विद्यालयों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत पोस्टर एक्सप्लेनेशन प्रतियोगिता में विजय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल मनेन्द्रगढ़ के कक्षा 11 वीं के सामर्थ वर्मा प्रथम, विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कक्षा 11 वीं के शिप्रा तिवारी व वर्तिका वर्मा ने द्वितीय व मॉडल प्रतियोगिता में कक्षा 11 वीं के चिराग सोनी व अनिकेत सोनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

---

# बचपन प्ले स्कूल को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

क्षेत्र के प्रतिष्ठित विद्यालय बचपन प्ले स्कूल एवं एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल (सीबीएसई नई दिल्ली से संबंद्धता प्राप्त) को दिल्ली के होटल क्राउन प्लाजा में आयोजित मैस्ट्रो अवार्ड कार्यक्रम में सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में देश की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी एवं ओलंपिक पदक विजेता सायना नेहवाल उपस्थिति रही। कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रतिष्ठित विद्यालय एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल को सोशल मीडिया स्टार अवार्ड एवं प्रतिष्ठित विद्यालय बचपन प्ले स्कूल को टॉर्च वेअरर (ज्ञान प्रचारक) के प्रतिष्ठित अवार्ड से मुख्य अतिथि साइना नेहवाल के हाथों सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में तनिष्क ताम्रकार उपस्थित रहे और दोनों विद्यालयों की ओर से अवार्ड प्राप्त किया। पूरे देश में 120 से ज्यादा एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल है, वहीं 1200 से ज्यादा बचपन प्ले स्कूल है। इतने स्कूलों के बीच में मनेद्रगढ़ जैसे छोटे शहर को ऐसे प्रतिष्ठित अवार्ड प्राप्त होना पूरे शहर ही नहीं क्षेत्र के लिए भी गौरव की बात है। एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल के प्राचार्य पी. रविशंकर ने अवार्ड प्राप्त करने पर अत्यंत खुशी जताई। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत लगन एवं ईमानदारी से कार्य करने का यह प्रतिफल है। यह अवार्ड पूरे विद्यालय परिवार के लिए अत्यंत गौरव की बात है। इस अवार्ड को प्राप्त करना बचपन प्ले स्कूल की काउंसलर श्रीमती सोनाली दास ने अवार्ड प्राप्त होने पर खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि हमारा विद्यालय लगातार नए-नए प्रयोग एवं शिक्षा क्षेत्र में कड़ी मेहनत एवं लगन के साथ प्रयास करता रहता है। विद्यालय की शिक्षिकाओं की कड़ी मेहनत, लगन ,विद्यालय के डायरेक्टर्स, अभिभावक के सहयोग के कारण ही यह अवार्ड हमें प्राप्त हो पाया है। संस्था के डायरेक्टर संजीव ताम्रकार, आशीष कक्कड़, डॉक्टर एसके सिन्हा, प्रशांत अग्रवाल, श्रीमती ज्योति ताम्रकार, श्रीमती आशी कक्कड़, श्रीमती मीनू लाल, श्रीमती तोषी अग्रवाल ने दोनों विद्यालयों को अवार्ड प्राप्त होने पर विद्यालय परिवार, विद्यालय के छात्र छात्राओं एवं समस्त अभिभावकों को आभार प्रदर्शित किया। हमारा विद्यालय लगातार इस क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को अच्छे से अच्छा करने का प्रयास कर रहा है।



सम्मानित होते संचालक।

---

### मच्छरदानी में घुसा जहरीला नाग

**कोरबा।** शुक्रवार की रात मानिकपुर के एक घर में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक जहरीला नाग रात के समय मच्छरदानी में घुस आया। यह घटना तब सामने आई जब घर के सदस्य सोने की तैयारी कर रहे थे। अचानक मच्छरदानी के अंदर हलचल महसूस होने पर उन्होंने देखा कि एक 5 फिट बड़ा जहरीला नाग फूंकार मार रहा था जो कि उसमें फंसा हुआ था। परिवार के सदस्यों ने तुरंत इसकी सूचना स्थानीय सर्प रेस्क्यू टीम को दी। कुछ ही देर में स्नेक रेस्क्यूर अतुल सोनी उमेश यादव मौके पर पहुंचे उन्होंने सावधानीपूर्वक सांप को बाहर निकाला। हालांकि समय रहते सांप को देख लिया जिससे बड़ी दुर्घटना नहीं घटी। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान पूरा परिवार दहशत में था, लेकिन रेस्क्यू टीम ने बिना किसी नुकसान के सांप को पकड़ लिया।

---

# आज से शुरू होगी 10 वीं बोर्ड की परीक्षा



**बैकुण्ठपुर।** जिले में 3 मार्च से 10 वीं बोर्ड परीक्षाओं का आगाज होगा। परीक्षा को नकल मुक्त और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने सख्त इंतजाम किए हैं। विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर सुबह से ही छात्र-छात्राओं की भीड़ रहेगी।

परीक्षा केन्द्रों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। विदित हो कि नकल रोकने के लिए उड़नदस्ते सक्रिय हैं और परीक्षा केन्द्रों के बाहर पुलिस बल तैनात किया गया है। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि नकल या अन्य अनुचित गतिविधियों में लिप्त पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं की गई हैं और अधिकारियों ने छात्रों को तनावमुक्त रहकर परीक्षा देने की सलाह दी है।

---

कूलर, पंखों की साफ-सफाई हुई शुरू

# मार्च में बदला मौसम का मिजाज, तापमान में बढ़ोतरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

गर्मी के एहसास के साथ फरवरी माह बीत गया। फरवरी माह के अंतिम दिन अधिकतम पारा 32 तक पहुंच गया था और न्यूनतम 16 डिग्री दर्ज की गई, लेकिन इसके बाद मार्च माह के पहले दिन अधिकतम पारा दो डिग्री बढ़ोतरी होकर 34 डिग्री तक पहुंच गया।

- **मार्च के पहले दिन तापमान में 2 डिग्री की बढ़ोतरी**

वहीं न्यूनतम तापमान में कोई परिवर्तन नहीं हुआ, इसके बाद तापमान में बढ़ोतरी होनी शुरू हो जाएगी। रविवार को अधिकतम तापमान में एक डिग्री की बढ़ोतरी होकर 35 तक पहुंच गया, लेकिन न्यूनतम तापमान में एक डिग्री की कमी आएगी। जिस तरह से मार्च महीने के पहले दिन तापमान में बढ़ोतरी होने के कारण लोगों को गर्मी के असर का सामना करना पड़ा, उसे देखते हुए आने वाले कुछ ही दिनों में लोगों को अधिक गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। कोरिया जिले में शुक्रवार व शनिवार को आसमान में हल्के बादल छाए रहे, इसी बीच लोगों को उमस भरी गर्मी का भी सामना करना पड़ा। जिस तरह से गर्मी के तेवर दिखने लगे हैं, उसे देखकर जल्द ही गर्मी के बढ़ने का संकेत हैं।

हालांकि अभी सुबह के समय हल्की ठंड का असर रहता है, वहीं शाम ढलने के बाद भी ठंड का असर बना हुआ है। इस तरह की स्थिति होली तक रहने की संभावना है, इसके बाद तापमान में बढ़ोतरी के साथ ही तेज गर्मी के असर का सामना करना पड़ सकता है।


सजा कूलर का बाजार।

### पंखे कूलर की साफ-सफाई शुरू

गर्मी की शुरूआत होने के साथ ही लोगों के द्वारा अपने घरों में रखे पंखे, कूलर की साफ-सफाई भी शुरू कर दिए हैं। मार्च के महीने की शुरूआत से ही गर्मी बढ़नी शुरू हो गई हैं, ऐसे में गर्मी से राहत के लिए लोगों को कूलर, पंखे की आवश्यकता होती है, जिसे ध्यान में रखकर अब कूलर पंखों की सफाई शुरू हो गई।

### दुकानों में सजे कूलर-पंखे

गर्मी से राहत दिलाने के लिए शहर के दुकानों में कूलर, पंखे दुकानों में सज गए हैं। अभी शुरूआत में इसकी खरीदी कम लोगों के द्वारा की जा रही है, लेकिन गर्मी बढ़ने के साथ ही कूलर, पंखों की मांग बढ़ जाती है और इस सीजन में गर्मी से राहत के लिए जमकर कूलर पंखों की बिक्री होती है।

---

# जिला अस्पताल में मरीजों की भीड़, वायरल के मामले बढ़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मौसम बदलते ही वायरल बुखार के मरीजों की संख्या में अचानक इजाफा हो गया है। जिला अस्पताल बैकुंठपुर में बीते कुछ दिनों से काफी संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं, इससे अस्पताल परिसर में भारी भीड़ देखी जा रही है।

डॉक्टरों के अनुसार इस समय अधिकांश मरीजों में तेज बुखार, सर्दी-खांसी, गले में खराश और कमजोरी जैसे लक्षण देखे जा रहे हैं। बदलते मौसम और संक्रमण तेजी से फैलने के कारण बच्चों और बुजुर्गों में वायरल का असर ज्यादा देखा जा रहा है। हालांकि बढ़ती भीड़ को देखते हुए अस्पताल प्रशासन ने अपनी व्यवस्थाएं की हैं। ओपीडी में मरीजों की संख्या बढ़ने से डॉक्टरों की टीम लगातार मरीजों की जांच कर रही है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है, जिसमें साफ-सफाई का ध्यान रखना, भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर जाने से बचना और अधिक पानी पीना शामिल है।


अस्पताल में मरीजों की भीड़।

खबर संक्षेप



## डीईओ से मिला टीचर्स एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल

**सूरजपुर।** नव पदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती वर्मा से टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मिलकर शिक्षक एलबी संवर्ग की समस्याओं पर चर्चा की तथा शीघ्र समाधान करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में शामिल प्रांतीय महामंत्री रंजय सिंह, प्रांतीय प्रचार सचिव अजय सिंह, जिलाध्यक्ष भूपेश सिंह पुष्प गुच्छ देकर डीईओ का स्वागत किया तथा शिक्षक संवर्ग की लंबित प्रधान पाठक प्राथमिक शाला के रिक्त पदों पर पदोन्नति प्रदान करने, पंचायत संवर्ग का लंबित एरियर्स की गणना करने, सेवा पुस्तिका को अद्यतन करने, सीजीपीएफ पास बुक संधारित करने, उच्च शिक्षा की अनुमति समय पर प्रदान करने, अवकाश आवेदनों का समय पर निराकरण करने के संबंध में चर्चा की। जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती वर्मा ने समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। उन्होंने शिक्षकों से गुणवत्तापूर्वक शिक्षा के विकास में सहयोग मांगा। पदाधिकारियों ने शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हेतु पूर्ण सहयोग देने की बात कही। इस दौरान रामचंद्र प्रसाद सोनी, सुरविंद गुर्जर, चंद्रविजय सिंह, बिजेंद्र साहू, मिथिलेश पाठक, नागेन्द्र सिंह, पीताम्बर सिंह मरावी, चंद्रदेव चक्रधारी, दीपक झा, बीरेंद्र पंकज, मनोज झा, जितेंद्रनाथ दुबे आदि उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर हुई प्रतियोगिताएं, दिखाए मॉडल



**वाड्रफनगर।** रानी दुर्गावती महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। प्राचार्य सुधीर कुमार सिंह ने कार्यक्रम की शुरूआत कर विज्ञान दिवस का महत्व बताया तथा विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति वैज्ञानिक सोच विकसित करने एवं शोध करने के लिए प्रेरित किया। भौतिक शास्त्र शिक्षक शिवम पटेल ने विभिन्न शोधों के संबंध में चर्चा की। सुश्री रेणुका दीवान ने विज्ञान दिवस मनाने के उद्देश्यों को बताया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने विज्ञान पर आधारित मॉडल की प्रदर्शनी लगाई। इस दौरान निबंध प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिससे छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। कार्यक्रम में पंकज कुमार, अतिथि व्याख्याता बेनी प्रसाद डेहरिया, सुश्री रेणुका दीवान, सुनील कुमार आदि उपस्थित थे।

### दिव्यांग सहित अधिसूचित वर्गों के किराए में दी गई है रियायत

# यात्री बसों में दिव्यांग एवं अधिसूचित वर्गों को दी गई छूट का नहीं हो रहा पालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

दिव्यांग एवं अधिसूचित वर्गों को दी गई छूट का अधिकांश यात्री बसों में पालन नहीं होने से पात्र हितगाही यात्रियों को न सिर्फ दिक्कतों का सामना करना पड़ता है बल्कि छूट के बावजूद किराया देना पड़ता है। ऐसा नहीं है कि इस संबंध में यात्री बस स्टाफ को इसकी जानकारी नहीं है बावजूद इसके दिव्यांग व अधिसूचित वर्गो से मनमानी तरीके से किराया वसूल की जाती है। ऐसे में बस स्टाफ की मनमानी का खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ता है। हालांकि आरटीओ उड़न दस्ता की टीम बीच बीच में कार्रवाई करती है लेकिन नियमित कार्रवाई नहीं होने से बस संचालकों के हौसले बुलंद है।

**खास बात**

- नियम विरुद्ध संचालित यात्री बसों के विरूद्ध आरटीओ विभाग की टीम ने की थी कार्रवाई



प्रतीक्षा बस स्टैण्ड।

राज्य शासन द्वारा लोगों को बेहतर यातायात एवं परिवहन के साधन उपलब्का कराने की दृष्टि से राज्य के विभिन्न मार्गों में साधारण श्रेणी से लेकर वातानुकूलित शयन श्रेणी के निजी यात्री वाहन संचालित है.जो यात्रियों को उनके निर्धारित गंतव्य तक प्रतिदिन पहुंचाने का काम करती है। राज्य शासन द्वारा इन्हीं संचालित निजी यात्री वाहनों में सफर करने वाले ऐसे व्यक्ति जो दृष्टिहीन है,बौद्धिक दिव्यांग व्यक्ति, ऐसे दिव्यांग व्यक्ति जो दोनों पैरों से चलने में असमर्थ है, वरिष्ठ नागरिक जिनकी उम्र 80 साल या उससे अधिक है. एचआईवी से पीड़ित व्यक्ति को यात्री किराया में 100 प्रतिशत छूट दी गई है। समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से नक्सलवाद से प्रभावित व्यक्ति का प्रमाण पत्र रखने वाले व्यक्ति को यात्री बस में सफर करने पर किराए में 50 प्रतिशत की रियायत दिये जाने हेतु अधिसूचित गया है। पूर्व में ही त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए लोगों के अपने गंतव्य में जाने हेतु अधिक आवाजाही होने पर यात्रियों से वाहन संचालकों द्वारा अवैध वसूली कर अधिक किराया दर वसूल करने पर राज्य के परिवहन अधिकारियों को अधिक किराया वसूली की शिकायतों पर तत्काल संज्ञान लेने एवं ऐसे यात्री वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। निर्देश के बाद आरटीओ उड़नदस्ता की टीम ने जिले के विभिन्न क्षेत्र में यात्री बसों की जांच कर कार्रवाई की थी। जिसके बाद बस संचालक भी नियम का पालन करना शुरू किया था। लेकिन आरटीओ उड़नदस्ता टीम द्वारा जांच नहीं करने से फिर से पूर्व की भांति स्थिति निर्मित हो गई। जिसका खामियाजा पात्र यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है।

**की गई थी कार्रवाई**

पूर्व में राज्य परिवहन अधिकारियों को कार्रवाई करने के निर्देश पर आरटीओ विभाग के उड़नदस्ते की टीम ने जिले के अलग-अलग चार स्थानों पर यात्री बसों की जांच की। जांच के दौरान 9 ऐसे यात्री बस पाए गए जिसमें शासन के निर्देश का पालन नहीं किया गया था। जिस पर उड़न दस्ता की टीम ने सभी 9 यात्री बसों के संचालक के विरूद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए 6 हजार 8 सौ रूपए समन शुल्क वसूला था।

**की जाती है बसों की जांच**

यात्री बसों में किराया सूची चस्पा हो यह सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए है। आरटीओ विभाग के उड़न दस्ता की टीम द्वारा समय-समय पर यात्री बसों की जांच की जाती है। जांच के दौरान नियम का पालन नहीं करने वाले बस संचालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की जाती है।

-**विनय सोनी**, आरटीओ



## व्यावसायिक शिक्षा प्रशिक्षण के तहत कुंजनगर विद्यालय में आनंद मेला

**बिश्रामपुर।** माध्यमिक शाला कुंजनगर में पूर्व व्यावसायिक शिक्षा प्रशिक्षण के तहत पाककला आनंद मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुंजनगर ग्राम की नव निर्वाचित सरपंच अरुणा सिंह द्वारा मां सरस्वती की छायाचित्र पर धूप दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।इस दौरान स्कूली बच्चों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गान व मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया।

आयोजित आंनद मेला में चाउमीन, मोमोज, गाजर हलवा, केक, ढोकला, भजिया, इडली तथा गुजिया रखे गये थे।बनाये गये व्यजनों का दाम बाजार मूल्य से काफी कम रखे जाने से ग्राम कुंजनगर के अभिभावक व बच्चों के साथ-साथ शिक्षक व ग्रामीणों ने व्यंजनों का बढ़ चढ़ कर लुत्फ़ उठाया, इस दौरान स्कूली बच्चों ने सामान बनाने व बेचने के तौर तरीकों को सीखा। कार्यक्रम का निरीक्षण करने हेतु सहायक परियोजना समन्वयक शोभनाथ चौबे, क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार विनय पांडेय, बस्तामुक्त विद्यालय माध्यमिक शाला रुनियाडीह के प्रधान पाठक सीमांचल त्रिपाठी, माध्यमिक शाला कन्या जयनगर के प्रधान पाठक हर्ष नारायण शर्मा व संकुल समंवयक नेल्सन बेक पहुँचे। निरीक्षकों ने स्टालों पर जाकर व्यंजनों को चखा व बच्चों से बनाने की विधि को जाना, बच्चों ने बढ़ चढ़ कर प्रश्नो का उत्तर दिया, इस दौरान बच्चों में उत्साह देखा गया।सफलतम आयोजन के लिए संस्था प्रमुख पार्वती सरुता को सहायक परीयोजना समन्वयक द्वारा श्रीफल तथा नव निर्वाचित सरपंच अरुणा सिंह द्वारा शॉल देकर सम्मानित किया गया।

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ. मोहित गुप्ता MD (Medicine), मधुमेह एवं ह्रदय रोग विशेषज्ञ सामान्य एवं जटील रोग विशेषज्ञ
डॉ. हेमन्त कुमार बी MBBS, DCH, DNB शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ किम्स हॉस्पिटल, आंध्रप्रदेश
डॉ. पूजा
डॉ. सोनल गाडिर्या MBBS, MS (General Surgeon) जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय MBBS, DNB Ortho हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. मनोज भारती MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर, हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ
डॉ. आशीष कुमार जायसवाल एम. डी. फिजीशियन
डॉ. ओम प्रकाश पंडित MBBS, DNB Ortho (Lilavati Hospital Mumbai) हड्डी रोग विशेषज्ञ
मनोचिकित्सक एवं यौन रोग विशेषज्ञ
सौंदर्य बालों एवं चर्म रोग के विशेषज्ञ
डॉ. सुरभि BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology) दंत एवं मुख विशेषज्ञ
डॉ. हिमांशु गुप्ता MD ONCO कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. विकास गुप्ता MBBS, D-Ortho अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ. जी के दामले MS, ENT, नाक कान गला रोगों के वरिष्ठ अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ. संदीप गुप्ता MBBS, DCH मुंबई, शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ भूतपूर्व चिकित्सक वाडिया चाईल्ड हॉस्पिटल मुंबई
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ
आडियोलॉजिस्ट & स्पीच थैरेपिस्ट
फिजियोथैरेपी एवं नैचुरोपैथी
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें 07774-222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

## साथियों संग दार्जिलिंग घूमने गए सेवानिवृत्त कालरीकर्मी रहस्यमय ढंग से हुए लापता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

परिचितों के साथ असाम राज्य के दार्जिलिंग शहर घूमने गए सेवानिवृत्त कालरी कर्मी के रहस्यमय तरीके से गायब होने से परिजन परेशान हैं। सेवानिवृत्त कोलकर्मी के लंबे समय बाद भी कोई सुराग नहीं मिलने पर परिजन द्वारा क्षेत्रीय विधायक व कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े समेत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सुरजपुर को ज्ञापन देकर सहयोग करने की मांग की है।गौरतलब है कि जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जयनगर के कांसापारा मोहल्ला निवासी सेवानिवृत्त कालरी कर्मी 62 वर्षीय भेदन राम आ.जगत राम बिंझिया पिछले दिनों गत 4 फरवरी को गांव के ही साथी कर्मशः बलजीत सिंह,पारस बिंझिया, दुर्गेश राजवाडे, रामलाल बिंझिया, बीर साय व अन्य दर्जनभर लोगों के साथ में असाम राज्य के दार्जिलिंग शहर घुमने गए हुए थे।वहां पर 6 फरवरी को होटल रॉक वैली टीवी टावर से भेदन राम बिंझिया अकेले निकले थे, जो रहस्यमय तरीके से लापता हो गए हैं।

- घटना के 20 दिन बाद भी पता नहीं लगने पर परिजन ने सूरजपुर एसपी व केबिनेट मंत्री से मदद की लगाई गुहार
- कोई सुराग नहीं मिलने पर साथियों ने दार्जिलिंग के सदर पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गुमशुदगी की रिपोर्ट



उनके साथ गए साथियों द्वारा आसपास क्षेत्र में काफी पतासाजी की, होटल के सीसीटीवी कैमरा फूटेज देखने के बाद भी कोई जानकारी नहीं मिलने पर लापता भेदन राम बिंझिया के साथियों द्वारा सदर पुलिस स्टेशन दार्जिलिंग में भी 8 फरवरी को गुमशुदगी की सूचना भी दी गई है। बावजूद इसके भेदन राम बिंझिया के 20 दिन बाद भी कोई सुराग नहीं मिलने से परिजन काफी चिंतित हैं, साथ ही किसी अनहोनी की आशंका सोचते हुए परिजन भयभीत हैं। मामले को लेकर अब सेवानिवृत्त कालरी कर्मी भेदन राम बिंझिया के परिजनों ने क्षेत्रीय विधायक व कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सुरजपुर प्रशांत सिंह ठाकुर को ज्ञापन देकर अब सहयोग की गुहार लगाई है।

## टेलीग्राम अकाउंट से सम्पर्क पर युवक से 2 लाख रुपए की ठगी, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सोशल मीडिया अकाउंट टेलीग्राम के माध्यम से संपर्क कर टास्क पूरा करने के नाम पर युवक से 1 लाख 93 हजार से अधिक की ठगी का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने शिकायत के बाद आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ब्रम्ह रोड पंचशील गली अलंकार ग्रीन के समीप रहने वाले युवक शुभम कुमार विश्वकर्मा के पास कुछ समय पूर्व टेलीग्राम के माध्यम से अज्ञात व्यक्ति द्वारा सम्पर्क किया गया। अज्ञात आरोपी ने युवक को कुछ ऑनलाइन टास्क पूरा करने के लिए कहा और आश्वासन दिया कि टास्क पूरा करने पर आर्थिक लाभ होगा। झांसे में आकर शुभम ने टास्क भी पूरा किया लेकिन टास्क पूरा होने के बाद उन्होंने कुछ राशि की मांग की और कहा गया कि भुगतान किए बिना लाभ प्राप्त नहीं हो सकता। आरोपियों ने शुभम को विश्वास में लेकर बार बार रुपयों की मांग की तो उसने भी दबाव में आकर 1 लाख 93 हजार 300 रुपए का लेनदेन कर दिया। रुपए देने के बाद भी जब युवक को उसका हिस्सा नहीं मिला तो अपने साथ हुई ठगी का एहसास हुआ। ऐसे में युवक ने मामले की शिकायत साइबर क्राइम हेल्प लाइन में की। इसके साथ ही कोतवाली थाने में भी मामले की शिकायत की गई जिसके बाद पुलिस ने मामले में टेलीग्राम आईडी के संचालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है और मामले की जांच चल रही है।

TOP IN SURGUJA
श्वास, छाती एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
डॉ. कमल नारायण गुप्ता MBBS (Pune), DTCD (Kolkata) Chest Physician GOLD MEDALIST
गायत्री हॉस्पिटल MULTISPECIALTY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.) | 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
अपने फेफड़ों की जांच कराएं और आज ही अपने डॉक्टर की सलाह लें!
समस्त श्वास संबंधित रोगों का निदान जैसे -
जटिल अस्थमा (दमा)
टी.बी./क्षय रोग / MDR-TB
गले व छाती में कफ संबंधित समस्या
बैठे- बैठे चलने पर सांस फूलना
छाती में भारीपन और सांस फूलना
छाती में पानी भर जाना, हवा लीक होना
छाती में गठान, फेफड़ों के कैंसर की समस्या
खांसी, जुकाम एवं एलर्जी
बच्चों में आने वाली बार-बार खांसी
खांसी में खून आना

## एसईसीआरएमसी प्लेइंग इवेन 1 टीम ने जीता क्रिकेट मैच



**बिश्रामपुर।** नगर के अय्यप्पा मैदान में आज रविवार को रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा करंजी के शाखा सचिव पप्पू सिंह के नेतृत्व में क्रिकेट मैच कराया गया।यहां पर क्रिकेट मैच एसईसीआरएमसी प्लेइंग इवेन 1 व एसईसीआरएमसी प्लेइंग इवेन 2 के मध्य रोमांचक मैच खेला गया। स्पर्धा में आज रविवार को बतौर मुख्य अतिथि बिश्रामपुर रेलवे स्टेशन के चीफ स्टेशन मैनेजर डीके पॉल उपस्थित थे। रोमांचक मुकाबले में एसईसीआरएमसी प्लेइंग इवेन 1 ने मैच में जीत हासिल की।मेन अंपायर अमित मित्तल तथा लेग अंपायर विक्रम सिंह थे।उक्त स्पर्धा में एसईसीआरएमसी प्लेइंग इवेन 1 के कैप्टन आलोक कुमार कुशवाहा व एसईसीआरएमसी प्लेइंग इवेन 2 के कप्तान राजमणि द्वारा बेहतर खेल का प्रदर्शन किया गया।एक संघर्ष पूर्ण पारी को खेलते हुए सुपर ओवर तक लेकर गए खिलाड़ी अशोक पासवान को मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। इस दौरान खिलाड़ी मणिलाल राजवाड़े, आलोक कुमार कुशवाहा, जगदेव प्रसाद राजवाड़े, हेमंत कुमार सिंह व अन्य उपस्थित थे।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
ऑपरेशन द्वारा ईलाज
नाक की प्लास्टिक सर्जरी
एलर्जी जाँच एवं इम्यूनोथेरेपी
गले की लेजर सर्जरी
खर्राटो का ईलाज
Dental & Consmetic Treatments
टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
दांतो की नसों का इलाज
दांतों की सफाई व चमकाना
दंत प्रत्यारोपण
मुंह के कम खुलने का इलाज
दांतों में ज्वेलरी लगाना
बच्चों के दूध के दांतों का इलाज एवं देखभाल

## पीबीसी ट्रॉफी पर चंदन नगर टीम ने किया कब्जा, 4-0 से हासिल की जीत




विजेता व उपविजेता टीम को ट्राफी देते अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ उदयपुर

हरिहरपुर और चंदन नगर के बीच शनिवार को खेले गए पीसीबी ट्रॉफी रात्रिकालीन फुटबॉल टूर्नामेंट के रोमांचक फाइनल मुकाबले में चंदन नगर ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 4-0 से एकतरफा जीत दर्ज की। चंदन नगर की टीम ने अपने खेल कौशल, टीम वर्क और खेल रणनीति से दर्शकों का दिल जीत लिया।

- 26 मार्च से चल रही प्रतियोगिता में 25 के 360 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया

हरिहरपुर की टीम ने चंदन नगर के कुशल क्षेत्र रक्षण के आगे घुटने टेक दिए और अंत तक एक गोल भी नहीं दाग सकी। चंदन नगर की ओर से बरन सिंह मरकाम, नीलेश मरकाम, बलजीत कमरो और कृष्णा जगत ने एक-एक गोल दागकर टीम को शानदार जीत दिलाई। अतिथियों ने उपविजेता हरिहरपुर को 21 हजार का नगर पुरस्कार तथा कप प्रदान किया। अंत में विजेता टीम, चंदन नगर को 31 हजार का नगद पुरस्कार तथा विजेता कप से सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट के मैन ऑफ द मैच चंदननगर के राजेंद्र कुमार मरकाम, बेस्ट गोलकीपर अजीत सिंह पोर्ते (साल्ही), बेस्ट डिफेंडर नागेश मरकाम चंदन नगर, बेस्ट स्कोरर योगेंद्र सिंह उईके चंदननगर, मैन ऑफ द सीरीज राजेंद्र कुमार मरकाम चंदन नगर को प्रदान किया गया।

इस दौरान रवि अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, अखंड विधायक सिंह, प्रभोध सिंह, जिपं सदस्य श्रीमती रैमुनिया सिंह करियम, सरपंच विजय कोर्राम, श्रीपाल सिंह पोर्ते, कार्यकारी अभियंता पवन ओझा, श्रीमती अमिता सिंह टेकाम, सत्येंद्र बघेल, श्रीराम द्विवेदी उपस्थित थे। मैच की कमेंट्री अर्जुन सिंह ने की। निर्णायक की भूमिका संतोष कुमार श्रीवास्तव, बजरंग सिंह और कम्मे सिंह ने निभाई। आभार प्रदर्शन कार्यक्रम का संचालन सौरभ सिंह ने किया।

सरगुजा मार्केट

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर मूत्र रोग विशेषज्ञ
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
20 मार्च 2025 दिन गुरूवार
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy urosurgeon)
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना। पेशाब में जलन। प्रोस्टेट बढ़ जाना। पेशाब बार-बार होना। किडनी, पेशाब थैली। पेशाब बूंद- बूंद पर होना। गुर्दे व पेशाब की नली में पथरी। पेशाब के रास्ते का छोटा होना। पेशाब की धार न बनना, इत्यादि। अण्डकोष प्रोस्टेट कैंसर
Dr FIRDOUSI HOSPITAL MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

डॉ.दीपक अग्रवाल एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
हड्डी रोग विशेषज्ञ
सभी प्रकार के कमर दर्द, घुटने का दर्द, वात रोग एवं सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग सम्बंधित विकृति का सम्पूर्ण ईलाज ।
दिनाँक - 09 मार्च, 2025
दिन - रविवार सुबह 11 बजे से 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज थाइराइड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ.संजीत जायसवाल MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज, थाइराइड, मोटापा, माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्राल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटे कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध
दिनांक - 02 मार्च 2025, दिन - रविवार
नोट :- डॉ प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विधा डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर पारस हाइट्स गेहूं बाड़ी, सी.एम.ओ. ऑफिस के बगल में दर्रीपारा, अम्बिकापुर
अग्रिम पंजीयन के लिए 7587722255 पर सम्पर्क करें।

रांची (काँके) के सुप्रसिद्ध मनोरोग एवं नशामुक्ति परामर्श विशेषज्ञ
डॉ.आशीष सोय MBBS, DPM (CIP, KANKE) FIPS EX-SENIOR RESIDENT (RINPAS)
पागलपन, घबराहट, शक, डर, उदासी (डिप्रेशन), मिर्गी, सरदर्द, नशा, नींद नहीं आना
बच्चों में मनोरोग संबंधी समस्याएं
लकवा एवं नसों से संबंधित बीमारियों एवं परामर्श हेतु उपलब्ध रहेंगे
यहा माथा EEG जांच की सुविधा उपलब्ध है
दिनांक 9 मार्च 2025, दिन - रविवार
प्रतिदिन वीडियो कॉल द्वारा परामर्श उपलब्ध
प्रकाश हॉस्पिटल जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ. ए.एफ. दानिश
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
शनिवार, 22 मार्च 2025
24 घंटे आपातकालीन सेवाएं
: प्लास्टिक सर्जरी :
सभी प्रकार के दाग का ईलाज (Scar Treatment)
पुरूषों के बढ़े हुए स्तन (Gynaecomastia)
झड़ते हुए बालों के लिए (PRP, Therapy/GFC Therapy)
Liposcution (शरीर के बढ़ी चर्बी को मशीन से निकालना)
जलने के बाद हाथ, पैर, चेहरे की सिकुड़न का ईलाज
लम्बे समय तक ना ठीक होने वाले घाव का ईलाज
Keloid का ईलाज, डायलिसिस के लिए फिस्चुलना
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

न्यूरो ओ.पी.डी. प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ.हर्षित मिश्रा MBBS, MS, M.ch (Neuro Surgery)(AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार,8 मार्च 2025 को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे ।
प्रातः 10:30 से दोपहर 02:30 बजे तक
अग्रिम पंजीयन आवश्यक
07774-221101, 9407910331, 9488142243
संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल नया बस स्टैण्ड, गौरवपथ, अम्बिकापुर

## खबर संक्षेप

### कर्मा जयंती मनाने हेतु साहू समाज की बैठक कल



**अंबिकापुर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी साहू समाज द्वारा कर्मा जयंती धूमधाम से मनाया जायेगा। इस संबंध में साहू समाज के जिलाध्यक्ष केके गुप्ता ने चार मार्च को भामाशाह भवन दर्रीपारा अंबिकापुर में बैठक बुलाई है। दोपहर तीन बजे से आयोजित इस बैठक में जिलाध्यक्ष ने समाज के पदाधिकारी एवं स्वजातीय बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने को कहा है। उन्होंने साहू समाज के सभी ब्लॉक अध्यक्षों को भी कर्मा जयंती मनाने को लेकर रूपरेखा तैयार करने को कहा है ताकि जिला समेत सभी ब्लॉक मुख्यालय में कर्मा जयंती धूमधाम से मनाई जा सके।

### कांग्रेस ने फूंका ईडी का पुतला भाजपा पर लगाया आरोप



**अंबिकापुर।** प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) द्वारा छत्तीसगढ में कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस के नेताओं के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर जिला कांग्रेस कमेटी ने घड़ी चौक पर प्रवर्तन निदेशालय का पुतला फूंका। इस दौरान कांग्रेस ने आरोप लगाया कि छत्तीसगढ में भाजपा की सरकार बनने के बाद से ईडी लगातार बदले की कार्रवाई केंद्र व राज्य सरकार के इशारों पर कार्रवाई कर रही है। पूर्व कैबिनेट मंत्री कवासी लखमा ने हाल ही में यह बयान दिया था कि ईडी उनपर दबाव बना रही थी कि वे भाजपा में प्रवेश कर लें। उनके द्वारा इंकार करने पर उन्हें गिरफ्तार किया गया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने कहा कि जब ईडी नेताओं को लेकर भाजपा के मंतव्य में सफल नहीं हो पाई तो वो कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय पहुंच गई और प्रदेश में बने जिला कांग्रेस कार्यालयों का हिसाब-किताब मांगने लगी। ईडी की यह कार्रवाई गैर वाजिब है। कांग्रेस के कार्यालय कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के आर्थिक सहयोग और उनके श्रमदान से बना है। ईडी के माध्यम से भाजपा के द्वारा की जा रही इसी गैर संवैधानिक, दबाव की राजनीति के विरोध में आज पुतला दहन किया गया। इस दौरान बालकृष्ण पाठक, जेपी श्रीवास्तव, मधु सिंह, मो इस्लाम, सीमा बनर्जी, दुर्गेश गुप्ता, गीता प्रजापति, गीता श्रीवास्तव, मेघा खांडेकर, रूबी जैन, शकीला सिद्दीकी, अनिल सिंह, इरफान सिद्दीकी, मदन जायसवाल, संजीव मंदिलवार, अनूप मेहता, आशीष वर्मा, अशफाक अली, गुरुप्रीत सिद्धू, अजय सिंह, विकल झा, आशीष जायसवाल, शुभम जायसवाल, लवकेश पासवान, जमील खान, मो. बाबर, काजू खान, सतीश बारी, राजनीश सिंह, हिमांशु जायसवाल, चंद्र प्रकाश सिंह, जीवन यादव, अविनाश कुमार, रोशन कन्नोजिया, विकास केशरी, परवेज आलम गांधी आदि मौजूद थे।

### शत-प्रतिशत बकाया वसूलने के दबाव में काट रहे बकाएदारों की बिजली

# आचार संहिता खत्म होते ही विद्युत विभाग ने शुरू किया बकाया वसूली का अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

चुनाव आचार संहिता समाप्त होते ही विद्युत अधिकारियों ने बकाया वसूली का अभियान तेज कर दिया है। मार्च के अंत तक शत-प्रतिशत बकाया राजस्व वसूलने का लक्ष्य हासिल करने के विभागीय दबाव में अधिकारी काफी सख्त हो गए हैं तथा बकाएदारों की बिजली काट रहे हैं

**खास बात**

- 10 दिनों में 1 करोड़ से अधिक की वसूली, टीमें हर दिन वसूल रही 8 लाख रूपए



बकाएदार के घर की बिजली काटता कर्मचारी।

स्थानीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की अधिसूचना जारी होने के कारण विद्युत अधिकारियों ने पिछले दो महीने से चल रहे बकाया राजस्व वसूलने का अभियान बंद कर दिया था। इस दौरान विद्युतकर्मी बकाएदारों से मिलकर लंबित राशि का शीघ्र भुगतान करने के लिए प्रेरित कर रहे थे। विद्युत अमले की सलाह का बकाएदारों पर खास प्रभाव नहीं पड़ा तथा बकाया राजस्व के भुगतान को लेकर लोग चुप्पी साधे रहे। इधर स्थानीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की आचार संहिता खत्म होते ही विभाग ने फिर से बकाया वसूलने का अभियान तेज कर दिया है। शुरूआती दौर में शहरी क्षेत्रों में अभियान चलाने के साथ ही विभाग अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी सख्त अभियान चला रहा है। अभियान के तहत अब सीधे बकाएदारों की बिजली काटी जा रही है। विभाग की सख्ती देखकर बकाएदार तत्काल राशि की व्यवस्था कर बकाए का भुगतान कर रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि बकाया राजस्व की शत-प्रतिशत वसूली करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वित्तीय वर्ष के अंत तक वसूली लक्ष्य हासिल करने के दबाव में अभियान में सख्ती बरती जा रही है। भविष्य में क्षेत्र विशेष में एक साथ अनेक टीमों को तैनात कर अभियान को और अधिक सख्ती करने पर विचार किया जा रहा है। अभियान के दौरान बकाएदारों की बिजली काटने के साथ ही टीम के सदस्य पूर्व में काटे गए कनेक्शन की भी जांच कर रहे हैं। निरीक्षण में कुछ बकाएदार चोरी की बिजली से अपने घरों को रोशन करते पाए गए है ऐसे लोगों पर विभाग विभिन्न धाराओं के तहत अलग कार्रवाई कर रहा है।

#### 10 दिनों में काटी 501 घरों की बिजली

आदर्श आचार संहिता समाप्त होने के बाद विभाग की अलग-अलग टीमों ने पिछले 10 दिनों में 500 से अधिक बकाएदारों की बिजली काटी है। घर की बिजली कटने के बाद बकाएदारों ने 1 करोड़ से अधिक बकाया राशि का भुगतान किया है। विभाग द्वारा सख्ती करने के बाद हर दिन औसत 8 लाख रूपए की वसूली हो रही है। औसत 8 लाख की बकाया वसूली से शत-प्रतिशत बकाया राजस्व की वसूली संभव नहीं है ऐसे में विभाग क्षेत्रवार एक साथ अनेक टीमों को तैनात कर अभियान को और अधिक सख्त करने की तैयारी कर रहा है।

#### बकाया बढ़कर पहुंचा 33 करोड़

विभिन्न बाधाओं के कारण बकाया राजस्व वसूलने का अभियान नियमित नहीं चला पा रहा है जिसके कारण बकाया राशि लगातार बढ़ते जा रहा है। कोरोना काल में दी गई राहत के बाद पहली बार विभाग का बकाया राजस्व 30 करोड़ के ऊपर पहुंच गया था। काफी मशक्कत के बाद अधिकारियों ने बकाया राशि का बड़ा हिस्सा वसूलने में सफलता पाई। इस बार विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव के दौरान लम्बे समय तक विभाग का वसूली अभियान ठप रहा जिसके कारण शहर विद्युत संभाग का बकाया बढ़कर 33 करोड़ रूपए पहुंच गया है। शासकीय एवं अर्द्धशासकीय विभागों ने बिजली बिल का 10 करोड़ रूपए रोक रखा है। मार्च के अंत तक शासकीय एवं अर्द्धशासकीय विभाग बकाया राशि का भुगतान कर देते हैं।

#### बढ़ाई जाएगी सख्ती

शत-प्रतिशत बकाया राजस्व की वसूली के लिए अभियान को और अधिक सख्त किया जाएगा। लक्ष्य हासिल करने एक साथ अनेक टीमों को तैनात किया जाएगा। लक्ष्य हासिल करने एक साथ अनेक टीमों को तैनात किया जाएगा। अभियान के तहत अवैध हुकिंग एवं चोरी की बिजली उपयोग करने वालों पर भी विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है।

**-एसपी कुमार**, ईई, शहर विद्युत संभाग



## राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में कपसरा की टीम बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सूरजपुर जिले के बीरपुर में आयोजित राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंक राम वर्मा व महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े शामिल हुई।

- कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े और खेल मंत्री टंक राम वर्मा समापन में हुए शामिल, मिनी स्टेडियम और खेल अकादमी खोलने की घोषणा

प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला कनकपुर और कपसरा की टीम के मध्य खेला गया जिसमें कपसरा की टीम ने दो एक से विजय हासिल की। अतिथियों ने विजेता और उपविजेता टीम को शील्ड व नगद इनाम से पुरस्कृत किया। बता दें कि कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के गृह ग्राम बीरपुर में वीर शिवाजी क्लब बीरपुर द्वारा राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता का दौरान विदेशी खिलाडियों ने भी अपना जौहर दिखाया। विशेष रूप सूडान व नाइजीरिया के खिलाड़ी भिलाई के टीम से खेले। प्रतियोगिता का फाइनल मैच कनकपुर व कपसरा टीम के मध्य खेला गया जिसमे कपसरा की टीम दो एक से विजयी रही। इस दौरान मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि खेल के साथ शिक्षा, संस्कार व अनुसासन हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। उन्होंने खेल स्टेडियम व फुटबॉल एकेडमी खोलने की मांग खेल मंत्री से की। वहीं खेल मंत्री टंकराम वर्मा कहा कि आप लोगों का अतिथि सत्कार स्नेह व प्रेम से अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ। उन्होंने कैबिनेट मंत्री श्रीमती राजवाड़े की मांग पर मिनी स्टेडियम निर्माण व खेल एकेडमी खोलने की घोषणा की। इस दौरान प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी, भाजपा जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी, अम्बिकेश केशरी, अनूप सिन्हा, दिपेन्द्र सिंह चौहान, थलेश्वर साहू, ठाकुर प्रसाद राजवाड़े, सरपंच प्रतिनिधि चंद्र भान सिंह, भुनेश्वर राजवाड़े, कंवल साय सिंह, अजय सिंह, मनीष रोहित, चन्द्रदेव, डूलेश्वर, बोधन, रोकी, जय प्रताप, नारायान, राजू राजवाड़े, ओमी राजवाड़े, तीरथ राजवाड़े मौजूद थे।

## ननि सभापति चयन के लिए भाजपा पार्षद दल की बैठक





पार्षदों से रायशुमारी करते पर्यवेक्षक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भाजपा कार्यालय संकल्प भवन में भाजपा के पर्यवेक्षक एवं विधायक शिवरतन शर्मा के मुख्य आतिथ्य में ननि के सभापति चयन हेतु पार्षद दल की बैठक हुई।

जिला संगठन प्रभारी ज्योतिनंद दुबे, अम्बिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज, जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंहदेव, ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सोनी, वरिष्ठ नेता अनिल सिंह मेजर, महापौर मंजूषा भगत, पूर्व सांसद कमलभान सिंह, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह की उपस्थिति में पर्यवेक्षक शिवरतन शर्मा ने सभापति चयन के संबंध में सभी पार्षदों से अलग-अलग रायशुमारी की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस बार नगरीय निकाय चुनाव में हमें जनता जनार्दन ने भरपूर आशीर्वाद देकर ऐतिहासिक जीत दिलाई है। अब हमें इस जीत का सम्मान करते हुए आम जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना है। नगर निगम में सभापति चयन की प्रक्रिया जल्द पूर्ण कर हमें नगर विकास को डबल इंजन की भाजपा सरकार के साथ तीव्र गति से आगे बढ़ाना है। बैठक का संचालन ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सोनी ने किया। इस दौरान जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता, देवनाथ पैकरा, अंबिकेश केशरी, आलोक दुबे, विनोद हर्ष सहित भाजपा के सभी नवनिर्वाचित पार्षद उपस्थित थे।

- पर्यवेक्षक शिवरतन शर्मा ने पार्षदों से की रायशुमारी

## पूरन राम ने ली नपं अध्यक्ष पद की शपथ नपं क्षेत्र के विकास का लिया संकल्प





समारोह में उपस्थित लोगों का अभिवादन करते नपं अध्यक्ष।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

नगर पंचायत जरही में नवनिर्वाचित पार्षदों नगर पंचायत अध्यक्ष का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को दुर्गा पंडाल मैदान में आयोजित किया गया। पारंपरिक शैला नृत्य और भोज के साथ उल्लासपूर्ण वातावरण में समारोह संपन्न हुआ।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर जगन्नाथ वर्मा ने नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को शपथ दिलाई। नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारियों ने अतिथियों का स्वागत किया। समारोह में नव निर्वाचित अध्यक्ष पूरन राम राजवाड़े सहित सभी 15 पार्षदों को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर नायब तहसीलदार सरिता राजवाड़े, नपं सीएमओ एमएल गहरवरिया, अनुज सिन्हा, देवेंद्र पटेल, अभिषेक जायसवाल, मुन्नालाल राजवाड़े सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अजय गोयल, शशिकांत गर्ग, अशोक गुप्ता, हीरालाल गोयल, शरद चंद्र द्विवेदी, शशि सिंह, राकेश शुक्ला, विकेश जायसवाल, रविद्रं जायसवाल, संजय सिंह, दिलीप मंडल, प्रताप मरावी, विनीत देवांगन, दशरथ सिंह, रंजन कुमार मंडल, मुकेश सिंह और प्रकाश राजवाड़े आदि इस पल के साक्षी बने।

#### अध्यक्ष ने विकास कार्यों में प्रगति लाने लिया संकल्प

नगर पंचायत अध्यक्ष पूरन राम राजवाड़े ने अपने संबोधन में विकास कार्यों को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया और जनता को बेहतर सुविधाएं देने का आश्वासन दिया। शपथ लेने वाले नवनिर्वाचित पार्षदों में लालमनी राजवाड़े, सियाराम राजवाड़े, राम कुमार राजवाड़े, उर्मिला राजवाड़े, करीना राजवाड़े, नम्रता महंत, सुमन जायसवाल, तुलसी सिंह, जूही सोनी, सुनीता राजवाड़े, सिद्धनाथ शर्मा, निशा बीजू, विवेक सिंह, पवन साय, राहुल जायसवाल शामिल हैं।

## दलधोवा घाट पर तीन ट्रकों के खराब होने से लगा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



बलरामपुर जिलान्तर्गत दलधोवा घाट स्थित जलेबी मोड़ मंदिर के पास एनएच 343 पर एक साथ तीन ट्रकों के ब्रेकडाउन होने से सड़क जाम की स्थिति निर्मित हो गई। हाईवे पेट्रोलिंग टीम ने स्थल पर पहुंचकर यातायात को दुरूस्त किया तब आवागमन सामान्य हुआ।

दलधोवा घाट स्थित बीच सड़क ट्रक क्रमांक सीजी 07 बी एस 5375 खराब हो गया जिससे आवागमन बाधित हुआ। कुछ देर बाद क्लिकर लोड ट्रक क्रमांक सीजी 04 एनके 5375 घाट की चढ़ाई नहीं चढ़ पाया एवं अनियंत्रित होकर घाट के नीचे उतर गया। इस दौरान बड़ी दुर्घटना होने के भय से चालक ने ट्रक से कूदकर अपनी जान बचाई। गनीमत रही कि दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। कुछ देर बाद घाट पर पहुंचा प्याज लोड ट्रक क्रमांक सीजी 07 एएक्स 6313 का एक्सल एवं ट्रक टूटने से ट्रक बीच सड़क पर बंद हो गया। इस दौरान जाम की स्थिति निर्मित होने के कारण यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। हाईवे पेट्रोलिंग टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद यातायात को सुचारू कराया।

### अवैध कोयला तस्करी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**राजपुर।** पुलिस ने अवैध कोयला परिवहन के मामले में कार्रवाई की है। रात्रि गश्त के दौरान पुलिस टीम ने एक पिकअप वाहन से तीन टन कोयला बरामद किया है। जब्त कोयले की कीमत 12 हजार रुपए बताई जा रही है। इसके साथ ही पुलिस ने पिकअप चालक को गिरफ्तार किया है। कोयला गमला ईट भट्ठा में खपाने ले जाया जा रहा था। थाना प्रभारी कुमार चंदन सिंह ने बताया कि



राजपुर पुलिस लगातार कोयला खदान के पास गश्त कर रही है। बीती रात्रि गस्त के दौरान सूचना मिला की महान दो खदान पास से एक पिकअप योद्धा वाहन से कोयला तस्करी की जा रही थी। सूचना के बाद जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो महान दो खदान पास से एक पिकअप में कोयला तस्करी हो रही थी। पुलिस ने घेराबंदी कर वाहन चालक को पकड़ा है जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस ने वाहन चालक अंबिकापुर के गांधीनगर निवासी 40 वर्षीय हीराधन आ. तिलक देवांगन के खिलाफ कार्रवाई कर 12 हजार रूपए का कोयला बरामद किया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्प्लेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

### तीन दिवसीय मानस गायन प्रतियोगिता का समापन, मंडलियां हुई पुरस्कृत

**अम्बिकापुर।** मां कुदरगढ़ी सरगुजा झण्डा मानस सेवा समिति दतिमा द्वारा आयोजित तीन दिवसीय मानस गायन प्रतियोगिता का समापन किया गया। प्रतियोगिता में संभागभर की 50 मानस मंडलियों ने भागीदारी की। उत्कृष्ठ प्रदर्शन के आधार पर समिति द्वारा मण्डलियों को सम्मानित किया गया। मां कुदरगढ़ी सरगुजा झंडा मानस सेवा समिति पिछले 25 वर्षों से अनवरत माघ पूर्णिमा के अवसर पर मानस गायन प्रतियोगिता आयोजित कर रही है। इस बार त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के कारण प्रतियोगिता 25 फरवरी को कलश यात्रा निकालकर प्रारम्भ की गई। प्रतियोगिता में भागीदारी करने वाली मानस मंडलियों ने रामायण की चौपाइयों के गायन में अपनी प्रतिभा दिखाई तथा विभिन्न वाद्य यंत्रों के ताल से लय मिलाकर चौपाइयों का गायन किया। प्रतियोगिता के प्रथम दिवस शिवशक्ति मानस मण्डली, मंहगई, श्री कृष्णा मानस मण्डली कृष्णपुर, नवयुवक मानस मण्डली, जय सियाराम परिवार बतरा, संतोषी मानस मंडली खोपा को पुरस्कृत किया गया। दुसरे दिन प्रदर्शन के आधार पर शिवशक्ति बाल मण्डली सर्वारावा, हंसपुर बाल मंडली खोपा, राधाकृष्ण बालिका मंडली पंडरी, सरस्वती बालिका मंडली घुधरा एवं नव दुर्गा बालिका मंडली लुडेवा, जय मां शारदा महिला मंडली बतरा, सरस्वती महिला मण्डली दुग्गा, मां देशफेरी महिला मंडली सरझोंका, प्रज्ञा महिला मंडली आंगो खुर्द तथा अंतिम दिन मां महामाया मानस परिवार खड़गवां, प्रज्ञा मानस परिवार आंजो खुर्द, इदम न मम मानस परिवार जरही, जय श्री राम मानस परिवार करवां एवं दीपमाला मानस मंडली को पुरस्कृत किया गया। आगामी वर्ष के आयोजन के लिए सर्वसम्मति से ग्राम झूमरपारा को झंडा प्रदान किया गया। आयोजन में निर्णायक की भूमिका ददई राम कुशवाहा, रामभरोस देवांगन, रामलाल काशीपुरी ने निभाई।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल, 30 अप्रैल, 03 मई, 8 मई, 11 मई, 14 मई,19 मई, 22 मई, 25 मई, 30 मई, 02 जून, 05 जून 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
11 यात्रियों की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉर्म में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

स्वामी जी-93406-38884
By Train- रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, कन्याकुमारी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, पद्मनादम् स्वामी, केरला, सुन्द्रेश्वर महादेव,
यात्रा दिनांक 18 मार्च 2025, 13 अप्रैल 2025, 03 मई 2025, 29 मई 2025, 16 जुलाई 2025, 27 जुलाई 2025, 18 अगस्त 2025
10 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर- 18,501/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)